आइआइएम रांची में विंटर स्कूल शुरू

रांची. आइआइएम रांची स्थित अटल बिहारी वाजपेयी सेंटर फॉर लीडरशिप, पॉलिसी एंड गवर्नेंस की ओर से मंगलवार को पांच दिवसीय विंटर स्कूल 2021 की शुरुआत हुई. निदेशक आइआइएम रांची प्रो शैलेंद्र सिंह ने ऑनलाइन कार्यक्रम की शुरुआत की. विंटर स्कूल का संचालन विषय 'लीडरशिप, पॉलिसी और गवर्नेंस' पर किया जा रहा है. निदेशक डॉ शैलेंद्र ने बताया कि विंटर स्कूल एक अवसर की तरह है, जहां विद्यार्थी विभिन्न गतिविधि और बातचीत के जरिये नये अनुभव हासिल कर सकेंगे. विंटर स्कूल के पहले दिन बतौर मुख्य अतिथि राजस्थान सरकार की अपर मुख्य सचिव मधुकर गुप्ता शामिल हुए.

Dainik Bhaskar, 20.01.2021, Pg. 09